मध्य प्रदेश शासन

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग

मंत्रालय

क्रमांक 290/549/2021/23/योआसां. भोपाल, दिनांक 15/03/2021

आवक 624

दिनांक 23/3/21

प्रति,

1. श्री मनोज गोविल,
   प्रमुख सचिव
   मध्यप्रदेश शासन,
   वित्त विभाग
2. श्री अशोक शाह,
   प्रमुख सचिव
   मध्यप्रदेश शासन,
   महिला एवं बाल विकास विभाग
3. श्री अनुपम राजन,
   प्रमुख सचिव
   मध्यप्रदेश शासन,
   उच्च शिक्षा विभाग
4. श्री गुलशन बामरा,
   प्रमुख सचिव
   मध्यप्रदेश शासन,
   योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
5. श्रीमती पल्लवी गोविल,
   प्रमुख सचिव
   मध्यप्रदेश शासन,
   आदिम जाति कल्याण विभाग
6. श्री बी.आर. नायडू,
   महानिदेशक,
   म.प्र. जन अभियान परिषद,
   श्यामला हिल्स, भोपाल
7. डॉ. नरेश चन्द्र गोतम,
   कुलपति चित्रकूट ग्रामोदय
   विश्व विद्यालय,
8. डॉ. धीरेन्द्र पाण्डेय,
   कार्यपालक निदेशक,
   म.प्र. जन अभियान परिषद
   श्यामला हिल्स, भोपाल

विषयः म.प्र. जन अभियान परिषद के कार्यो के निर्धारण हेतु मंथन बैठक दिनांक 11.02.2021 का कार्यवाही विवरण।

मुख्य सचिव, म.प्र. की अध्यक्षता में म.प्र. जन अभियान परिषद के कार्यो के निर्धारण हेतु दिनांक 11.02.2021 को आयोजित मंथन बैठक में लिए गए निर्णय का कार्यवाही विवरण आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

15-3-2021

(अशोक कुमार मालवीय)
अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग

22/03

पृ.क्रमांक /549/2021/23/योआसां. भोपाल, दिनांक /03/2021

प्रतिलिपिः उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय की ओर सूचनार्थ।

अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग

म.प्र. जन अभियान परिषद् के कार्यों के निर्धारण हेतु मंथन बैठक

दिनांक- 11/02/2021

स्थान- मुख्य सचिव प्रति कक्ष, मंत्रालय भोपाल

कार्यवाही विवरण

मख्य सचिव म.प्र. की अध्यक्षता में परिषद के कार्यों के निर्धारण हेतु आयोजित मंथन बैठक में निम्नानुसार अधिकारियों द्वारा सहभागिता की गयी-

- श्री मनोज गोविल, प्रमुख सचिव, वित्त
- श्री अशोक शाह, प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास
- श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग
- श्री गुलशन बामरा, प्रमुख सचिव, योजना आर्थिक एंव सांख्यिकी विभाग
- श्रीमती पल्लवी गोविल, प्रमुख सचिव, आदिम जाति कल्याण विभाग
- श्री बी.आर. नायडू, महानिदेशक, म.प्र. जन अभियान परिषद्
- डॉ. नरेश चंन्द्र गोतम, कुलपति चित्रकूट ग्रामोदय वि.वि.
- डॉ. धीरेन्द्र पाण्डेय कार्यपालक निदेशक, म.प्र. जन अभियान परिषद्

बैठक मे निम्नानुसार निर्णय लिये गये-

1. परिषद के विकासखण्ड समन्वयकों की जनपद पंचायत कार्यालय में बैठक व्यवस्था हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से समन्वय कर उचित निर्देश जारी कराये जावें।
2. सी.एम.सी.एल.डी.पी. पाठ्यक्रम की फीस की शेष राशि के भुगतान के संबंध में कुलपति चित्रकूट ग्रामोदय वि.वि. द्वारा की गई मांग अनुसार संबंधित विभाग यथा महिला एवं बाल विकास, उच्च शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग तथा म.प्र. जन अभियान परिषद परिक्षण कर बजट का प्रोविजन करे तथा भुगतान करना सुनिश्चित करें।
3. चित्रकूट ग्रमोदय वि.वि. द्वारा विभागों से भुगतान लम्बित होने की स्थिति में छात्रों की मार्कशीट एवं डिग्री का वितरण न रोका जावे।
4. महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कों जारी रखने के संबंध में निर्णय लिया जाकर कुलपति ग्रामोदय वि.वि. को अवगत कराया जावे।

5. सी.एम.सी.एल.डी.पी. एवं परिषद की पूर्व में संचालित योजनाओं को नये स्वरूप में संचालित करने, संबंधी प्रस्ताव को परिषद की शासी निकाय/कार्यकारिणी समिति के समक्ष निर्णय हेतु रखा जावे।

6. परिषद द्वारा अन्तराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्थापित स्वैच्छिक संगठनों का चिंहाकन किया जावें तथा उनसे सम्पर्क कर उनके उद्देश्यों के अनुसार परियोजना प्रस्तावों का निर्माण किया जावें।

7. विभिन्न विभागो से सम्पर्क कर उन विभागों में कार्य कर चुके स्वैच्छिक संगठनों की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। स्वैच्छिक संगठनों से संबंधित विभिन्न डायरेक्टरी का अवलोकन कर किसी भी क्षेत्र मे कार्य करने वाले बडे स्वैच्छिक संगठनों का चिन्हाकंन किया जा सकता है।

8. परिषद द्वारा चिन्हाकित एंव सम्पर्कित स्वैच्छिक संगठनों के साथ नियोजन हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जाये तथा इन स्वैच्छिक संगठनों की जानकारी परिषद की वेब साईट पर प्रदर्शित की जावें।

08.3.2021

(अशोक कुमार मालवीय)

अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग,
मंत्रालय, भोपाल